राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर झण्डा भेंट

जयपुर, 7 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर मंगलवार को यहां राजभवन में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (से.नि.) श्री वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को इस अवसर पर श्री राठौड़ ने झण्डा लगाकर सहयोग राशि प्राप्त की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर देश के बहादुर जवानों और उनके परिजनों का आभार प्रकट किया। उन्होंने देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले शहीदों को नमन भी किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को सशस्त्र सेना झण्डा कोष में योगदान देकर सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना चाहिए।

—